Dainik Jagran

06.09.2014

Page No. -26

S.No- 197

मुरादनगर में भी कई जगह हुए रंगारंग कार्यक्रम

संवाद सहयोगी, मुरादनगर : एनएच-58 स्थित आइटीएस संस्थान में शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा गांव उखलारसी स्थित ओमसन पब्लिक स्कूल में सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गांव असालतनगर स्थित आईटीएस संस्थान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पैरामेडिकल विभाग के प्रधानाचार्य डा. एस. सदीश कुमार ने कहा कि भारत में गुरु और शिष्य के बीच का रिश्ता आदिकाल से चला आ रहा है। डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने जीवन पर्यन्त सच्चाई के मार्ग को दिखाकर गुरु द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने की शिक्षा दी है। हमें सदैव अपने बड़ों और गुरुओं का सम्मान करना चाहिए। इस मौके पर मधु वर्मा, आलोक प्रताप, यासिर समेत सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद थी। इसके अलावा गांव असालतनगर स्थित ओमसन पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस मौके पर स्कूल के संस्थापक अशोक गुप्ता एवं छात्र परवेश रितुदास, छवि रस्तौगी का सराहनीय योगदान रहा।

Rashtriya Sahara

06.09.2014

Page No. -08

S.No- 198

मुरादनगर। शिक्षक दिवस पर नगर के सभी कॉलेजों व स्कूलों में बड़ी धूमधाम व हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। यहां नेशनल हाईवे 58 स्थित आईटीएस फार्मेसी कॉलेज में छात्र छात्राओं द्वारा हर्षोउल्लास के साथ शिक्षा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. डीएस जौली ने कहा कि गुरु ज्ञान के जीवन में कुछ सम्भव नहीं है।

Sanjay Kumar (Librarian) 6/9/14

Sig : (Mr. Rajiv Malhotra) 6/9/14

Date :

Dr. S.Sadish Kumar 6-9-14

(Mr. D. S. Jolly)